# निवेश प्रक्रिया हो सरल, औद्योगिक विकास को दें रफ्तारः मुख्य सचिव

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- मुख्य सचिव ने 15 निवेश प्रकरणों की समीक्षा की
- विभागों को समय बद्ध निस्तारण का निर्देश



**अमृत विचारः** यूपी में औद्योगिक विकास को गति देने व निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सोमवार को एक उच्चस्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हुई। निवेश परियोजनाओं को शीघ्र मंजूरी देना व प्रक्रियात्मक अड़चनों को दूर कर प्रदेश को 'एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था' में बदलने के विजन को साकार करना इस बैठक के मूल में रहा।

लोकभवन में हुई बैठक में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने निवेश संबंधी 15 प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आंतरिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने व नियामकीय ढांचे का पालन करते हुए निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने पर बल दिया। स्पष्ट किया कि प्रस्तावित निवेश योजनाओं को जल्द से जल्द धरातल पर लाने के लिए प्रक्रियात्मक देरी को समाप्त किया जाना चाहिए। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को लंबित समस्याओं को तय समय-सीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए।